# मेरे बांके बिहारी तेरी लीला है न्यारी | by Ashok Shauq

मेरे बांके बिहारी तेरी लीला है न्यारी
मेरे गिरधर गिरधारी, तेरी लीला है न्यारी
ओ मेरे कृष्ण मुरारी, तेरी लीला है न्यारी

रंक को राजा कर दे, अदने को बाजा कर दे
अगर आये अपनी पर, तू सर पे ताज धर दे
बड़ी महिमा तुम्हारी तेरी लीला है न्यारी
मेरे बांके बिहारी, तेरी लीला है न्यारी

ज़मीं की आसमां की, तू जाने दो जहाँ की
जहाँ कोई ना पहुंचे, तू जाने है वहां की
जाऊं तुझपे बलिहारी, तेरी लीला है न्यारी
मेरे बांके बिहारी, तेरी लीला है न्यारी

डूबते पार कर दे तू मौज बहार कर दे
निगाह तेरी का जादू, ख़तम सब वार कर दे
शौक़ कहते नर नारी, तेरी लीला है न्यारी
मेरे बांके बिहारी, तेरी लीला है न्यारी

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%ae%e0%a5%87%e0%a4%b0%e0%a5%87-%e0%a4%ac%e0%a4%be%e0%a4%82%e0%a4%95%e0%a5%87-%e0%a4%ac%e0%a4%bf%e0%a4%b9%e0%a4%be%e0%a4%b0%e0%a5%80-%e0%a4%a4%e0%a5%87%e0%a4%b0%e0%a5%80-%e0%a4%b2%e0%a5%80/